वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 236 रविवार 24 दिसम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# भाजपा लोकसभा चुनाव के मोड पर

## राजसमंद, जयपुर ग्रामीण, अलवर समेत 10 से अधिक लोकसभा सीटों पर दिखेंगे नए चेहरे



**जयपुर. कासं**

भाजपा लोकसभा चुनाव के मोड पर है। हाल ही में नई दिल्ली में हुई सभी राज्यों के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक के बाद ये कयास लगाए जा रहे है कि राममंदिर उद्घाटन के बाद चुनाव मई से पहले हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान में भी तैयारियों की दिशा में काफी काम हो चुका है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा लोकसभा की 25 में से 10 से अधिक सीटों पर प्रत्याशी बदल सकती है। इसे ऐसे समझें कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 7 सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाया था, जिसमें एक राज्यसभा सांसद थे। इनमें से चार जीते थे और तीन हारे थे। उधर पार्टी ने चुनाव हार चुके बड़े चेहरों को भी लोकसभा चुनाव में उतारने के संकेत दिए है। बड़े नेताओं ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनियां समेत कई चेहरे लोकसभा के चुनावी रण में दिख सकते है।

### इन सीटों पर बदले जा सकते हैं चेहरे, संगठन में जिम्मेदारी संभव

राजसमंद, जयपुर ग्रामीण, अलवर तो दीयाकुमारी, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और बाबा बालकनाथ के विधानसभा चुनाव लड़ने की वजह से खाली हो चुकी है। नागौर में भाजपा का आरएलपी से गठबंधन होने के आसार बेहद कम है। इनके अलावा अजमेर, झुंझुनूं, जालोर, सिरोही के सांसद विधानसभा चुनाव हारे हैं। ऐसे में इन सीटों पर नया चेहरा लाने पर पार्टी गंभीरता से विचार करेगी। दौसा, सवाई माधोपुर, जयपुर समेत कई संसदीय सीटों पर प्रत्याशी बदलने की प्रबल संभावनाएं हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चेहरे बदलना केंद्र की एक विशेष रणनीति का हिस्सा है। जिन चेहरों को ड्रॉप किया जाएगा, उनमें से कई चेहरों को संगठन में दायित्व दिया जाएगा। उधर युवाओं को तरजीह मिलने की संभावना भी प्रबल है। प्रदेश संगठन में काम कर चुके चेहरों को भी तव्वजों मिलेगी।

### राज्यसभा का भी ऑप्शन, 3 सीटें अगले साल खाली होंगी

भाजपा के कई चेहरों को राज्यसभा के जरिए भी साधा जाएगा। डॉ. किरोड़ीलाल मीणा अपनी सीट से इस्तीफा दे चुके है। वहीं पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का कार्यकाल 3 अप्रेल को पूरा हो रहा है। ऐसे में भाजपा के पास राज्यसभा की सीटें भी है।

# शहर की सुरक्षा हाई अलर्ट पर, 4 हजार पुलिसकर्मी तैनात होंगे

**जयपुर. कासं**

प्रदेश में नई सरकार के गठन के साथ ही प्रदेश में पहला राष्ट्रीय स्तर का डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम 5 से 7 जनवरी को झालाना स्थित आरआईसी (राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर) होने जा रहा है। कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, डिप्टी एनएसए पंकज कुमार सिंह सहित केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख सहित 80 से ज्यादा अधिकारी मौजूद रहेंगे। कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय पुलिस पदक और राष्ट्रपति पदक पाने वाले देशभर के करीब 70 पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस में शहर में 4 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रहेगी। शहर के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन सहित शहर को जोड़ने वाले हाईवे सुरक्षा एजेंसियों के हाई अलर्ट पर रहेंगे। एडिशनल कमिश्नर-प्रथम ट्रैफिक व प्रशासन राहुल प्रकाश और डीसीपी ट्रैफिक लक्ष्मण दास रूट तय करने के साथ ट्रैफिक व्यवस्था बनाने में लगे हुए हैं। 3 दिन तक रहेगा रूट डायवर्ट कॉन्फ्रेंस के दौरान शहर में आने वाले हाईवे सहित आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहेंगे।

### व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी राजस्थान पुलिस को सौंपी

कार्यक्रम में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी केंद्रीय गृहमंत्रालय के साथ राजस्थान पुलिस को सौंपी है। कॉन्फ्रेंस की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी एडीजी एडीजी इंटलिजेंस एस. सेंगाथिर और पुलिस हैड क्वार्टर संजय कुमार अग्रवाल संभालेंगे। पुलिस मुख्यालय में दोनों आला अधिकारी के साथ ट्रांसपोर्ट व्यवस्था आईजी विकास कुमार, व सुरक्षा व्यवस्था आईजी-सुरक्षा राजेश मीणा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को बनाने में लगे हुए हैं। आवास व्यवस्था का जिम्मेदारी एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप को सौंपी गई है।

# क्रिसमस सेलिब्रेशन : सांता संग झूमे बच्चे

## जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल प्री स्कूल में छात्रों ने क्रिसमस का किया रंग-बिरंगा स्वागत



**जयपुर. कासं।** जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल प्री स्कूल, मालवीय नगर में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। बच्चे सांता क्लॉज की ड्रेस पहनकर शामिल हुए। क्रिसमस डे की शुरूआत बच्चों ने christmas Carol's गाकर और क्रिसमस ट्री को भव्य रूप से सजाकर की। सांता क्लॉज ने बच्चों को उपहार बांटें और खूब मस्ती की। स्कूल के प्रधानाचार्य और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को क्रिसमस की बधाई दी। क्रिसमस का उत्सव स्कूल में न केवल एक आनंदमय दिन होता है, बल्कि यह हमें मिल-जुलकर साझा करने, आपसी बॉन्डिग बढ़ाने और खुशी मनाने का एक सुंदर अवसर प्रदान करता है।

# आठ दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का समापन

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**




निवाई। महावीर इंटरनेशनल निवाई द्वारा अग्रवाल सेवा सदन दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर भगवान महावीर मार्ग निवाई में एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन 15 से 23 दिसंबर तक किया गया जिसका शनिवार को महावीर इंटरनेशनल के तत्वावधान में समापन समारोह किया गया। कार्यक्रम संयोजक विमल जौंला ने बताया कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर 15 दिसंबर को शुभारंभ किया गया था जिसमें एक्यूप्रेशर सुजोक एवं वाईब्रेसन चिकित्सा द्वारा रोगोपचार कैम्प 21 वीं सदी का प्राकृतिक उपचार 8 दिन तक एक्यूप्रेशर पद्धति द्वारा सभी रोगियों को चिकित्सा दी गई। जौंला ने बताया कि शनिवार को शिविर का समापन महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष हुकमचंद जैन एवं अग्रवाल मंदिर के अध्यक्ष प्रेमचंद गिन्दोडी के नेतृत्व में किया गया। समापन के अवसर पर थेरेपिस्ट डाक्टर विरेन्द्र जैन डाक्टर एस. के. चौधरी डाक्टर जे .आर. सारण सहित डाक्टर टीम का आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राधेश्याम जैन त्रिलोक चंद शिवाड़, हुकमचंद जैन लालचंद झिराणा कजोड़ मल जैन मोहनलाल जैन एवं विमल जौंला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। शिविर में मोटापा ब्लडप्रेशर मधुमेह पेट के रोग हरस मसा कब्ज गैस सरवाईकल दर्द पुराना सिर दर्द कमर दर्द जोड़ों का दर्द आंख कान नाक और गले की बिमारी और अनेक प्रकार के दर्द बिना दवाई एक्यूप्रेशर और चुम्बक चिकित्सा द्वारा हाथ और पैरों की नसे दबाकर इलाज किया गया। कार्यक्रम संयोजक महावीर प्रसाद पराणा ने बताया कि दिगम्बर जैन महासमिति के तत्वावधान मे 25 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 रविवार तक सन्त निवास नसिंया जैन मंदिर पर एक्यूप्रेशर पद्धति का मेगा कैम्प लगाया जाएगा।

# श्रीमद् भागवत गीता वह ग्रंथ है जिसे पूरे विश्व में स्वीकार किया : श्रीजी महाराज



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रीमद् भगवत गीता योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के श्री मुख से निर्झरित हुई वह समुपदिष्ट, दिव्य ग्रंथ है जिसे संपूर्ण विश्व में स्वीकार किया है। इसकी तुलना किसी भी अन्य धर्म के किसी भी ग्रंथ से नहीं की जा सकती। जगत गुरु निम्बाकार्चार्य श्री श्रीजी महाराज ने गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा के के अंतिम दिन यह बात कही। श्रीजी महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण- बलराम के मथुरा गमन के दिन गीता जयंती थी। इसी दिन भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया था। उन्होंने कहा कि मोह के पाश में बंधे अर्जुन को मोह के बंधन से मुक्त करने के लिए भगवान ने अपना दिव्य विराट स्वरूप दिखाया और बताया कि कर्तुम, अकर्तुम अन्यथा कर्तुम, मैं ही हूं। तुम धर्म की ओर से युद्ध कर रहे हो, इसलिए जैसा मैं कहता हूं वैसा करो, और अधर्म के पोषक दुष्टों का संघार करो। भगवान ने कहा कि जब जीव सब कुछ छोड़कर भगवान की संपूर्ण शरणागति को प्राप्त कर लेता है, तो भगवान उसके दिव्य चक्षुओं को खोल देते हैं। उन्होंने अर्जुन को गीता उपदेश देते हुए कहा कि परम विवेक और ज्ञान की प्राप्ति गीता से ही संभव है, जिसमें सभी शंकाओं और प्रश्नों का समाधान है। उन्होंने सभी से आग्रह किया सभी लोगों को श्रीमदभागवत गीता ग्रन्थ अपने घरों में ना केवल रखना चाहिए बल्कि असका पाठ/अध्ययन और मनन करना चाहिए। गीता को अपने आचरण में धारण करने वालों का सहज कल्याण संभव है।

# सेंट्रल जेल में बंदी भाइयों को किया कंबल वितरण



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। ह्युमेरिज्म सेवा संस्कार चैरिटी ऑर्गेनाईजेशन द्वारा सेंट्रल जेल में बंदी भाइयों को कंबल का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष अशोक मेहता ने बताया कि बंदी भाइयों को शीत ऋतु देखते हुए संस्था द्वारा 300 कंबल दिए गए। उन्होंने अपने संबोधन में सभी कैदियों को अपना भूतकाल भूलकर वर्तमान एवं भविष्य काल को सुधारने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती अलका सोनकर ने भी अपने विचार व्यक्त किया एवं कैदियों के उज्जवल भविष्य के लिए अनेक योजनाएं बताई। ज्ञात रहे सेंट्रल जेल में जैन दिवाकर विचार मंच द्वारा गौशाला का भी निर्माण कराया जा रहा है। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक इंदर सिंह नागर, मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मेहता, जैन दिवाकर विचार मंच के नगर अध्यक्ष सुमति कुमार लालवानी, समाज सेवीका त्रिशला जैन एवं सौरभ जैन भी उपस्थित थे। समाजसेवी कांतिलाल बम, विजय मेहता, संजय मोगरा भी कार्यक्रम के सहयोगी रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार उप जेल अधीक्षक संतोष लडिया ने किया।



# दिगम्बर संतो को, बर्फीले, पथरीले पथ पर

भीषण सर्दी की इन रातों में,
जब कम्बल और रजाई में,
सिमटे, सिकुड़े हम हीटर में,
चलता है ब्लोअर पैरों पर..
वह पूर्ण दिगम्बर योगीराज,
लकड़ी के कठोर से तख्ते पर,
बिन तकिया,चादर,चटाई के,
लेटे रहते हैं ध्यान लीन.
हमआकुल मध्य रात्रि में जब,
उठते, जाते लघु शंका को,
वे घने बियावन जंगल में,
हिंसक पशु मध्य हैं,ध्यान लीन.
व जाते सुबह कुहासे में,
बर्फीले, पथरीले पथ पर,.
नितशौचक्रिया को सहज भाव.
सुबह चाय, कॉफी, अलाव,
देता सकून इस काया को
चौबीस घंटो में एक बार,
वे जल व भोजन लेते हैं.
ब्रेकफास्ट, टी, डिनर, लंच,
इस जीवन में नित रहते हैं,
कोई नाता नहीं उनका है,
इन शब्दों से, इन व्यंजन से.
स्नान हमारा तीन बार,
गर्मी में शीतल जल से नित,
वे आजीवन अस्नान व्रत,
ले रहते, मलय सुरभि से रत.
केशलॉन्च, वाहन का त्याग,
न घर,दुकान या बैंक खाता,
जग, जनहित में तत्पर प्रतिपल,
सदा रखें महा प्रभु से नाता.
कोटि नमन तप चर्या को,
निष्ठा, तप, त्याग, समर्पण को,
रवि, शशि, सरिता व सागर से,
जो सदा समर्पित जन जन को,
धरा, वृक्ष, वायु सम जो,
देते जीवन व संरक्षण,
शत शत वंदन, हे महासंत,
चरणों में कोटि नमन वंदन.



**इंजिनियर अरुण कुमार जैन**
अमृता हॉस्पिटल, सेक्टर 88
फरीदाबाद, हरियाणा
#मो.7994691750

# ममता व अनुराग की ऊष्मा से तृप्ति हुये श्रमिक संताने, अमृता पाठशाला के बच्चों को ड्रेस व उनी कपड़े वितरित



**फरीदाबाद. शाबाश इंडिया।** अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद के आरती कोर्ट में जब अमृता पाठशाला के बच्चों को स्कूल ड्रेस, स्वेटर, टोपी आदि मिले तो उनके चेहरे आनंद से खिल गये व मन उत्साह से भर गये। विगत तीन वर्षों से पूज्य अम्मा की कृपा से संचालित अमृता पाठशाला में प्रोजेक्ट की लेबर व आस पास के निर्धन परिवारों के बच्चो को प्रतिदिन पढ़ाई, भोजन, ज्ञान व संस्कार दिए जा रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सर्दी बढ़ने पर आज बच्चों को ड्रेस, ऊनी वस्त्र दिए गये। आरती कोर्ट में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में अमृतपुरी केरल से आये स्वामी स्थितप्रज्ञामृता जी, स्वामिनी ललिताम्बिका जी, ब्रह्म. अनिल जी ने मठ के भक्तों संग यह सब भेंट किया। सर्वप्रथम पूज्य अम्मा के चित्र के समक्ष सभी ने दीप प्रज्जवलित कर अम्मा की स्तुति की, श्री अरुण जैन ने पाठशाला व मठ के सेवा कार्यों का विवरण बताया व स्वामी जी का परिचय दिया। स्वामी निजामृतानन्द पुरी के आशीर्वाद वाचन किया। इसके बाद सभी बच्चों को ड्रेस व उनी वस्त्र भेंट किये गये। 3 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को जब भारी पैकेट्स मिले तो उनके चेहरों पर आनंद व हर्ष के भाव तैरने लगे व आनंद से भरे बच्चे नाचने लगे। प्रिय शौर्य के जन्मदिन पर बच्चो को फल दिए गए। कार्यक्रम में प्रभाकरण, रवि कलंतरे, गोपी , संतोष , दिलीप दिवाकरण, अमित वासान, डॉ संगीता चचरा व टीम जे. एस. एन. के सदस्य उपस्थित थे। श्रीमती पूनम ने सराहनीय कार्य किया। अरुण जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## वेद ज्ञान

### ईश्वर की शरण में ही परम आनंद की प्राप्ति

अक्सर अध्यात्म के ज्ञाता कहते हैं कि ईश्वर की शरण में जाने से मनुष्य को परम आनंद की प्राप्ति होती है। क्या है परम आनंद और कहां है ईश्वर जहां जाकर वह उनके चरणों में शरण ले। परम आनंद के बारे में भगवान ने गीता में बताया है कि वह स्थिति जिसमें मनुष्य सुख, दुख, हानि, लाभ, क्रोध, मोह और अहंकार आदि से मुक्त होकर स्वयं में स्थापित हो चुका हो। मन, इंद्रियों द्वारा मनुष्य को संसार में लिप्त करके उसकी प्रवृत्ति को बाह्य बनाता है और वह संसार में इंद्रियों के द्वारा सुख की खोज में भटकता रहकर जीवन-मरण का चक्कर लगाता रहता है। इसीलिए परमानंद की प्राप्ति के लिए सबसे पहले मन की प्रवृत्ति को अपने अंदर की ओर मोड़ना चाहिए। अज्ञानवश लोग मन को बलपूर्वक संसार से विरक्त करने की कोशिश करते हैं जो पूर्णतया निरर्थक व गलत मार्ग है। ऐसा इसलिए, क्योंकि ऐसी स्थिति में जब भी मन का नियंत्रण ढीला पड़ता है, वह दोबारा इंद्रिय भोग द्वारा संसार के भोगों में लिप्त हो जाता है। इसीलिए आनंद के लिए पहले कदम के रूप में सर्वप्रथम मनुष्य को संसार का लेन-देन समाप्त करना चाहिए। लेन-देन केवल धन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भावनात्मक पहलू धन से भी ज्यादा महत्वपूर्ण व आवश्यक है। नकारात्मक भावों के कारण वह कामना रूपी प्रेम, अहंकार, जलन, ईर्ष्या और बदले की भावना व क्रोध से पीड़ित रहता है। नकारात्मक भावों के कारण ही उसे शारीरिक रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदयरोग होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। भगवान का गीता में बताया गया यह कथन कि विषयों का चिंतन करने वाले पुरुष की उन विषयों में आसक्ति हो जाती है। आसक्ति से उन विषयों की कामना उत्पन्न होती है और कामना में विघ्न पड़ने से क्रोध उत्पन्न होता है और क्रोध से विवेक समाप्त होकर बुद्धि भी नष्ट हो जाती है। इस प्रकार मनुष्य का पतन हो जाता है। सनातन धर्म में मनुष्य के जीवन चक्र को नियंत्रित करने के लिए आश्रम व्यवस्था है। वानप्रस्थ आश्रम में मनुष्य को धीरे-धीरे अपने आपको गृहस्थ आश्रम व दुनियादारी के लेन-देन से मुक्त कर लेना चाहिए और जीवन के शेष भाग को सम स्थिति में रहकर परमानंद में स्थित हो जाना चाहिए।

## संपादकीय

# तमाम दावों के बावजूद महंगाई पर नियंत्रण एक चुनौती

भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने के तमाम दावों के बावजूद महंगाई पर नियंत्रण चुनौती बनी हुई है। महंगाई के मोर्चे पर मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं और धरातल पर नतीजे नहीं दिख रहे। चावल, गेहूं आटा, दालें, प्याज, हल्दी, लहसुन, मिश्रित मसाले जैसी जरूरी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से कृषि श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर 7.37 फीसद हो गई है। ग्रामीण श्रमिकों के लिए यह 7.13 फीसद रही। हालांकि, अक्तूबर में खुदरा मुद्रास्फीति थोड़ी कम थी। कृषि श्रमिकों की 7.08 फीसद और ग्रामीण श्रमिकों की 6.92 फीसद। श्रम मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से स्पष्ट है कि निम्न मध्यवर्ग और गरीबों की परेशानी बढ़ी है। वस्तुओं की खुदरा कीमतें इस स्तर पर पहुंचने के बाद एक बड़ी आबादी खाने-पीने में कटौती करने को मजबूर हो जाती है। ठंड की शुरूआत के बाद बाजार में कीमतों में कमी आती है, लेकिन ताजा आंकड़े इसके अनुकूल नहीं दिख रहे। मौजूदा स्थिति अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर डालेगी, क्योंकि जब खाने-पीने के सामान की कीमतें लोगों की पहुंच से दूर होने लगती हैं, तो इसका सीधा असर उनके बाकी खर्चों पर पड़ता है। आमतौर पर जब थोक बाजार में कीमतें बढ़ती हैं तो खुदरा बाजार में इसकी तुलना में काफी अधिक कीमतें बढ़ जाती हैं। इससे आम उपभोक्ता की जेब पर असर पड़ता है। लेकिन चावल, गेहूं आटा, दालें, प्याज, हल्दी, लहसुन, मिश्रित मसालों के मामले में हकीकत कुछ और है। इन वस्तुओं के आयात और निर्यात में असंतुलन बड़ा कारण है। मसलन, कई साल से दालों का उत्पादन जरूरत से ज्यादा हो रहा है, पर दूसरे देशों से करार के मुताबिक दालों का आयात किया जा रहा है। नतीजा यह कि किसान स्थानीय बाजारों में न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी कम दर पर दालें बेचने को विवश हो रहे हैं। दूसरी ओर, आयातित दालें थोक बाजार की मार्फत बिक रही हैं, जिनकी कीमत अधिक होती है। इसी तरह की स्थिति गेहूं, आटा, मसालों आदि के मामले में है। अफसोस कि महंगाई नियंत्रित करने के लिए तैयार किया गया समकालीन ढांचा महंगाई को केवल आपूर्ति पक्ष से जोड़कर देख रहा है। महंगाई के मामले में राहत के उपाय खोज रहे नीति नियंताओं को यह समझना होगा। खासकर उस स्थिति में, जब वे एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को महामारी से उपजी मंदी के बाद टिकाऊ तरीके से उबारने की पुरजोर कोशिश में जुटे हैं। इन हालात में उपभोक्ताओं के कंधों पर असंगत तरीके से महंगाई का बोझ पड़ना ठीक नहीं है। आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन और व्यक्तिगत देखभाल सहित सेवा श्रेणी की कीमतों में भी क्रमिक वृद्धि देखी गई है, क्योंकि मांग में धीरे-धीरे सुधार हुआ है। सेवा प्रदाताओं के सामने संभलकर आगे बढ़ने की चुनौती है। ऐसे में कीमतों का गणित समझने से पहले नीति नियंताओं को खाद्यान्न उत्पादन, खपत और सरकारी खरीद का हिसाब-किताब समझना होगा। आम आदमी की जेब में बचत के कुछ न कुछ पैसे तो जरूर होने चाहिए। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक को आखिरकार लोकसभा ने मंजूरी दे दी। ये तीनों कानून अंग्रेजी हुकूमत के समय से चले आ रहे भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लाए गए हैं। नए प्रस्तावित कानूनों में कुछ कड़े प्रावधान किए गए हैं, तो कुछ अनावश्यक कानूनों को हटा दिया गया है। सरकार का कहना है कि अभी तक चले आ रहे कानून ब्रिटिश हुकूमत की सुरक्षा के मद्देनजर बनाए गए थे, जबकि नए प्रस्तावित कानून देश और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं, जो भारतीय मिजाज से मेल खाते हैं। जिन कुछ कानूनों का सरकार ने विशेष रूप से उल्लेख किया है उनमें पीट-पीट कर हत्या करने वालों को फांसी की सजा और राजद्रोह के खिलाफ कानून की जगह देशद्रोह कानून प्रमुख हैं। इसके अलावा आतंकवाद को परिभाषित करते हुए उसके दायरे में एकता, संप्रभुता और आर्थिक सुरक्षा को भी शामिल किया गया है। इन कानूनों का विशेष रूप से उल्लेख करने के पीछे सरकार की मंशा स्पष्ट है। चूंकि इन्हीं मसलों पर विपक्ष सबसे अधिक सरकार पर निशाना साधने का प्रयास करता रहा है, इसलिए स्पष्ट किया गया कि सरकार को इन विषयों की विशेष चिंता है। बदलती परिस्थितियों और जरूरतों के मुताबिक कानूनों की समीक्षा और उनमें बदलाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। जरूरत पड़ने पर संविधान में भी संशोधन किए जाते हैं। मगर सरकार ने दंड विधान से जुड़े सभी कानूनों की समीक्षा कर वर्तमान स्थितियों के मुताबिक उनमें बदलाव करने का जो कदम उठाया, वह निस्संदेह साहसिक कहा जा सकता है। ये तीनों विधेयक मानसून सत्र में ही सदन के पटल पर रखे गए थे। उनमें कुछ संशोधन रेखांकित किए गए थे, जिनके आधार पर उन्हें नए रूप में पेश किया गया। हालांकि अब भी विपक्ष की शिकायत है कि इन विधेयकों पर ठीक से चर्चा नहीं कराई गई। विपक्ष के ज्यादातर सदस्य चूंकि निलंबित थे, इसलिए इन विधेयकों पर चर्चा में उनकी भागीदारी नहीं हो सकी। इस तरह तीनों विधेयक केवल सत्तापक्ष की मंजूरी से पारित हो गए। इस शिकायत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चूंकि दंड विधान से जुड़े कानून संवेदनशील होते हैं, उनके हर पहलू पर बारीकी से चर्चा अपेक्षित होती है। मगर लोकसभा में विपक्ष की संख्या इतनी कम है कि उनके उपस्थित रहने पर भी इन विधेयकों के पारित होने में कोई बाधा नहीं आती। पिछले कुछ वर्षों में बहुत सारे ऐसे लोगों पर राजद्रोह कानून के तहत मुकदमे चलाए गए, जिन्होंने सरकार की अलोचना की थी। इसलिए सरकार पर आरोप लगते रहे कि वह अपनी आलोचना को भी राजद्रोह मानती है। अब उस कानून को खत्म कर सरकार की आलोचना को दंड के दायरे से बाहर कर दिया गया है। मगर उसकी जगह जो देशद्रोह कानून लाया गया है, उसमें देश के खिलाफ चलाई जाने वाली किसी भी गतिविधि, यहां तक कि बोलने और लिखने पर भी कठोर दंड का प्रावधान है। इसलिए कुछ लोगों को आशंका है कि इस कानून का दुरुपयोग किया जा सकता है। अच्छी बात है कि प्रस्तावित कानूनों में न्याय की गति तेज करने के लिए कुछ ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिनके तहत मुकदमों को लंबे समय तक अदालतों में लटकाया नहीं जा सकता। अधिकतम चार महीने में फैसला देने का नियम है। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रस्तावित कानून सचमुच नागरिकों और देश की सुरक्षा कर सकेंगे।

# जयकारों के साथ रवाना हुआ तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा दल

## अहिंसा शाकाहार एवं भगवान महावीर के सिद्धांतों का करेंगे प्रचार-प्रसार




जयपुर. शाबाश इंडिया। मानव एवं समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के बैनर तले तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा दल शनिवार को भगवान महावीर के जयकारों के साथ रवाना हुआ। ग्रुप के अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया एवं सचिव आशीष जैन ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा के नेतृत्व में प्रतापनगर के हल्दीघाटी गेट से प्रातः रवाना हुए दल को युवा समाजसेवी नितिन बनेठा, अतुल मंगल लवली, अंकित-दिव्या बाकलीवाल एवं समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने जैन ध्वज दिखाकर रवाना किया । जैन के मुताबिक ग्रुप पदाधिकारियों सहित यात्रा दल के संयोजक मुकेश - शिल्पा पाटनी, नरेश - नीतू बाकलीवाल, सुशील - कविता जैन एवं सह संयोजक एवं नितेश - मीनू जैन, पवन - निशु जैन का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। जैन के मुताबिक यात्रा दल जयपुर से रवाना होकर हरियाणा में अतिशय क्षेत्र रानीला पहुंचेगा। जहां मूलनायक भगवान आदिनाथ एवं मन्दिर दर्शन करते हुए हस्तिनापुर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगा। संयोजक मुकेश पाटनी एवं नरेश बाकलीवाल के मुताबिक यात्रा दल रविवार, 24 दिसम्बर को हस्तिनापुर में मंदिरों के दर्शन लाभ एवं क्षेत्र की वन्दना कर बडागांव स्थित त्रिलोक तीर्थ धाम पहुंचेगा। जहां सायंकाल आरती का पुण्यार्जन करेंगे। रात्रि विश्राम मंगलायतन क्षेत्र में होगा। अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया एवं संयोजक सुशील जैन के मुताबिक सोमवार, 25 दिसम्बर को प्रातः मंगलायतन में अभिषेक, शांतिधारा एवं मंदिर दर्शन के बाद मथुरा चौरासी के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए अतिशय क्षेत्र तिजारा पहुचेगे जहां सायंकालीन आरती के बाद यात्रा दल जयपुर लौटेगा। संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा के मुताबिक यात्रा दल द्वारा यात्रा के दौरान भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो सहित अहिंसा, शाकाहार का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# 17वे स्पोर्ट्स-डे पर मंगल न्यूटन स्कूल के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



अमित गोधा. शाबाश इंडिया

ब्यावर। मंगल न्यूटन स्कूल में शुक्रवार को 17वे वार्षिक खेलकद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। विद्यालय के सभी बच्चों ने दिखा दिया कि खेल में सफलता न केवल जितने वाले की होती है, बल्कि उनके लिए भी है जो नेतृत्व करते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक यश मंगल, प्रधानाचार्या रेशल लिटिल एवं मुख्य अतिथि ब्यावर कलेक्टर आशुतोष सिंह तोमर के द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में कोच अर्जुन सिंह रावत ने मशाल जलाकर एवं राज्य स्तर, जिला स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा टॉर्च रन हुई। जूनियर वर्ग छात्राओं द्वारा कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट कर एकता का संदेश दिया गया। 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, रिले रेस, गारलेण्ड मेकिंग रेस, सेक रेस, स्पून एण्ड लेमन रेस, सेक रेस, शटल एण्ड होप रेस, फूटबॉल रेस, स्किपिंग रेस, सेव एर्थ रेस, बेस्ट पिक द फ्लोर , स्नो मेन रेस, सुपर हिरो रेस , कोन एण्ड बॉल रेस, क्लीन स्कूल रेस, सेंटा रेस, बलून होप रेस में विद्यार्थियों ने अपना बड़े उत्साह से प्रदर्शन कर अभिभावकों एवं अतिथियों को अपने कौशल से अवगत करवाया। प्रधानाचार्या जी द्वारा सभी विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस वर्ष की स्पोर्टस ट्रॉफी ग्रीन हाऊस ने अपने नाम करवाकर दिखा दिया की मेहनत अवश्य रंग लाती है। साथ ही बेस्ट एथलेटिक्स का पुरस्कार किशन सिंह को दिया गया एवं बेस्ट स्टूडेण्ड का पुरुस्कार मनीष भटवेड़ा को दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक सूर्य नमस्कार, कराटे, क्रिकेट डांस, बेडमिन्टन डांस, स्वोर्ड डांस, एलईडी डांस, सेंटा डांस रहे। न्यूटन लर्निंग सेन्टर के नन्हें-नन्हें बच्चों ने भी खेलकूद में अपनी प्रतिभा का जादू बिखरते हुए लेडर जम्प एण्ड क्रोलिंग रेस, जिग जेग एण्ड हर्डल रेस, पजल रेस, डक रेस, होप एण्ड लेडर रेस, लिटर रेस, टाईगर रेस, फ्लोर रेस साथ पोम-पोम डांस, नर्सरी डील, पिरामिड, टाइ-क्वांडो में भाग लेकर उपस्थित सभी दर्शकों एवं अतिथियों का मनमोह लिया जिसकी अभिभावकों ने भी खूब प्रशंसा की।



# भगवान मुनिसुब्रतनाथ का हुआ प्रथम महामस्तकाभिषेक



**रुठियाई. शाबाश इंडिया।** रुठियाई में मंगलोदय तीर्थ पर संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवम 108 निर्यापक श्रवण मुनि श्री सुधा सागर जी की प्रेरणा एवं 108 मुनि श्री आगम सागर जी 108 पुनीत सागर जी के सानिध्य में भगवान मुनिसुब्रतनाथ का प्रथम मस्तकाभिषेक का सौभाग्य सुरेंद्र कुमार नरेंद्र कुमार रुठियाई को एवं इंजीनियर एस.के.जैन अध्यक्ष पुण्योदय तीर्थ बजरंगगढ़ वालों को प्राप्त हुआ। प्रथम शांति धारा का सौभाग्य इंजीनियर महेंद्र कुमार संतोष जैन मुकेश जैन संजय जैन परिवार को प्राप्त हुआ शांति धारा सौभाग्य सुरेंद्र कुमार नरेंद्र कुमार सोहिल अभिषेक जैन रुठियाई को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाग्यशाली ड्रॉ द्वारा सौभाग्यशाली रहे राजेश जैन बासौदा वाले रुठियाई एवं विजय अजीत जैन रुठियाई अनिल कुमार अंशुल जैन कोटा वालों को एवं अजीत कुमार सिंघई अथाई खेड़ा अशोकनगर को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुनि श्री आगम सागर पुनीत सागर जी ने धर्म उपदेश में भगवान मुनि सुब्रत स्वामी को अरिष्ट निवारक बताते हुए उपदेश दिया कि हमें पाप से बचना चाहिए ।अभिषेक शांति धारा करके पुण्यार्जन करना चाहिए ।इस अवसर पर गुना राघोगढ़ कुंभराज धरनावदा डोंगर जामनेर बीनागंज से बड़ी संख्या में धर्मावलंबी पधारे थे। संचालन जैन समाज गुना के मंत्री अनिल जैन अंकल ने किया। सभी पधारे हुए महानुभावों का आभार जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन मंत्री अमन जैन उप मंत्री अंकुर सराफ ने किया इस अवसर पर नगर में मिठाई बांटी गई।

# ईमानदारी से मिलती तमाम खुशियां: गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी,निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में विराजमान श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी की शिष्या आर्यिका विकक्षाश्री माताजी ससंघ की आहारचर्या कराने का अवसर बापूगांव छोटा गिरनार समाज को प्राप्त हुआ। माताजी ससंघ का रात्रि विश्राम आकोडिया में हुआ। आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ की आहारचर्या कराने का सौभाग्य निवाई , जयपुर की समाज ने प्राप्त किया। माताजी ने सभी को मंगल उद्बोधन देते हुए कहा कि - जीवन विकास के सभी गुणों में ईमानदारी को उत्तम गुण माना गया है।एक अच्छा इंसान बनने के लिए अपने व्यक्तित्व को उत्कृष्ट बनाना आवश्यक होता है और इस आवश्यकता की पूर्ति यानी व्यक्तित्व का अपेक्षित विकास ईमानदारी के पथ पर चले बिना संभव नहीं हैं।ईमानदारी के बराबर और कोई भी महत्वपूर्ण खोज अभी तक संसार में खोजी नहीं गई। असंख्य लोग ईमानदारी के बजाय धोखे के नकली सिक्के चलाने में अपने जीवन को बिगाड़ चुके हैं ह्व संभव है कि इससे क्षणिक सफलता मिल जाए, परंतु लक्ष्य कभी पूरी तरह प्राप्त नहीं होता। ईमानदार व्यक्ति अपने जीवन में तमाम खुशियां प्राप्त कर सकता है, क्योंकि उसे किसी असुरक्षा का कोई भय नहीं सताएगा। ऐसा व्यक्ति सर्वोच्च शक्ति से आशीर्वाद और कई चीजों में विश्वास भी आसानी से प्राप्त कर सकता है। ईमानदारी के मार्ग पर चलना थोड़ा कठिन अवश्य है, लेकिन यह मार्ग बहुत आगे जाता है और हमें हमारे लक्ष्य पहुंचाता है।

# दिगंबर जैन ओषधालय को श्रीमती चन्द्र कला चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक माह की दवाइयों के लिए किया सहयोग



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानव सेवा को समर्पित दिगम्बर जैन औषधालय को श्रीमती चन्द्र कला चैरिटेबल ट्रस्ट (राजि.) के द्वारा एक माह की समस्त औषधि हेतु नगद राशि भेट की। उल्लेखनीय हैं कि दिगंबर जैन औषधालय सर्व समाज के रोगियों को निशुल्क सेवा एवं औषधि प्रदान करता है। इस अवसर पर रविन्द्र जैन और उनकी धर्मपत्नि पिंकी जैन, औषधालय के मंत्री महावीर कुमार जैन, चेतन जैन, पवन वैद्य आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष निहाल चंद सोगानी ने बताया कि वर्तमान में औषधालय की तीन शाखाएं हैं, बोरडी का रास्ता, जनकपुरी एवं तीनों नशियां, यहां पर औषधालय की तरफ से समाज के सहयोग से निशुल्क औषधि उपलब्ध करवाई जाती है। मंत्री महावीर जैन ने आभार व्यक्त करते हुए सभी से अनुरोध किया कि सर्व समाज की सेवा को समर्पित दिगंबर जैन ओशधालय का अधिक से अधिक सहयोग कर पुण्य अर्जित करें।



जी सिनेमा लेकर आया क्रिसमस स्पेशल

# 'डॉक्टर जी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, 25 दिसंबर को




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जी सिनेमा आने वाले सोमवार 25 दिसंबर को रात 8 बजे दिल छू लेने वाली मनोरंजक फिल्म डॉक्टर जी के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ त्यौहार की खुशियां बांटने आ रहा है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन और जंगली पिक्चर्स के निर्माण में बनी फिल्म डॉक्टर जी में आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह और शेफाली शाह जैसे जाने-माने कलाकारों ने अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा है। इस फिल्म में एक मजेदार कॉमेडी ड्रामा है, जो डॉक्टर उदय गुप्ता के सफर के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसका किरदार आयुष्मान खुराना ने बखूबी निभाया है। उदय का सपना होता है कि वो ऑर्थोपेडिक्स (हड्डी रोग विशेषज्ञ) में अपना करियर बनाए लेकिन उसे गायनेकोलॉजी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की दुनिया में उतरना पड़ता है। गायनेकोलॉजी एक ऐसा पेशा है, जिसे आमतौर पर महिलाओं के लिए ही उपयुक्त माना जाता है। उदय अपनी इच्छा के खिलाफ गाइनेकोलॉजिस्ट बनता है।

# आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज का श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर वैशाली नगर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

डी सी एम जैन मंदिर से विहार होकर आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश वैशाली नगर जैन मंदिर में हुआ, अध्यक्ष गजेंद्र बड़जात्या एवं मंत्री प्रमोद बोहरा ने बताया कि सभी समाज जन ने मिलकर गुरुदेव की भव्य अगवानी की। आचार्य श्री को आहार कराने का सौभाग्य विशाल एवं सरिता सोनी परिवार को प्राप्त हुआ। संयोजक विशाल लाडनूं एवं संतोष बड़जात्या ने बताया की आज आचार्य श्री के सानिध्य में श्री सम्मेद शिखर महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सौधर्म इंद्र- इन्द्राणी बनने का सौभाग्य नवीन विजय सरावगी परिवार को प्राप्त हुआ।






# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की मीटिंग संपन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की मासिक मीटिंग दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को णमोकार केटर्स महावीर नगर में सम्पन्न हुई जिसमें क्लब अध्यक्ष रानी पाटनी, सचिव सुजाता, व कोषाध्यक्ष मंजू पुरी सहित लगभग सभी सदस्याएं उपस्थित रही। जिसमे अध्यक्ष द्वारा गत माह में किये गए कार्यों हेतु सभी की सराहना व आगामी वर्ष में किये जाने वाले कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। सचिव द्वारा दिसम्बर माह की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवम धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# दो दिवसीय स्पोर्ट्स-मीट का आयोजन

**नरेश सिगची.शाबाश इंडिया**



रावतसर। आज लॉर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय स्पोर्ट्स-मीट का जबरदस्त जोश के साथ हुआ आगाज। इस स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ पधारे हुए विशिष्ट अतिथि बहन नीलिमा संचालिका ब्रह्मकुमारी आश्रम, श्रीमती पूनम कड़वासरा, सरपंच निरवाल, कर्मठ समाजसेवी सुशील कड़वासरा एवं विद्यालय अध्यक्ष भागीरथ करड़वाल ने मशाल प्रज्वलित कर किया। प्राचार्या विमला वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प कुछ भेंट कर किया, साथ में खेलों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार खेल हमारे तन को स्वस्थ और मस्तिष्क को तेज बनाते हैं। आज स्पोर्ट्स-मीट प्रथम दिन नर्सरी से क्लास सेकंड तक बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चे पूरे जोश के साथ मैदान में उतरे और अपना दमखम दिखाया। विभिन्न प्रकार के खेलों में बच्चों ने हिस्सा लिया जैसे कि बॉल बैलेंसिंग रेस, फ्रॉग रेस, जंपिंग जैक रेस, जूट-बैग रेस, 100 मीटर रेस, लेमन एंड स्पून रेस, बैलून- ब्रस्ट रेस, बैलून बैलेंसिंग रेस, सर्किल रेस, आदि। इसके साथ-साथ छोटे बच्चों में खाने की रेस भी हुई जैसे चॉकलेट जलेबी इत्यादि।

# मेरे पिता और बहन को भी शुगर है। उसे पूरी तरह खत्म करने का ईलाज बतायेंगे?

मधुमेह का सबसे सस्ता इलाज एवम टिकाऊ इलाज है काम खाना और चलना। लेकिन इसमें एक पेंच ये है की कम क्या खाएं? कम खाएं चीनी, रोटी, नान, चावल, समोसा, मिठाई, कोल्ड ड्रिंक, किसी भी तरह का जूस चाहे पैकेट वाला हो या ताजा, कोई भी बाजार का बना उत्पाद जो फैक्ट्री में बनता है जैसे नमकीन मिक्कर, दालमोठ, बिस्कुट, ईत्यादि।

**और खाने में क्या खाना है?** अगर अंडे खा सकते हैं तो जरूर खाएं, पनीर, हर तरह की पत्तेदार सब्जी, साग, थोड़ी मात्रा में फल, बादाम, अखरोट, चावल खाना है तो माढ़ पासा कर खाएं, चना एवम मूंग अंकुरा कर, दही से पानी निकल कर, चीज, माखन, घी, हर तरह की नारियल के पकवान जो बिना शक्कर के हों।



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।

**मधुमेह होता क्यों है?** मेरा मानना है कि मधुमेह बीमारी नहीं है। ये एक चेतावनी है। हमारा शरीर हमे एक चेतावनी दे रहा है की आप ज्यादा चीनी या काबोर्हाइड्रेट खा रहे हैं। जिसको शरीर इस्तेमाल करने में असक्षम है।

**मधुमेह का मतलब है मीठा पेशाब:** जब रक्त में चीनी ज्यादा हो जाती है तो इस चीनी को शरीर पेशाब से बाहर निकलता है। अगर आप चीनी खाएं ही नही या खाते ही उसका इस्तेमाल कर लें तो शरीर को ये नहीं करना पड़ेगा। रक्त में ज्यादा चीनी नहीं रहने दे सकते क्योंकि उससे दिमाग, आखों, किडनी, दिल, और प्रजनन अंगों पे बुरा प्रभाव पड़ता है।

**लेकिन अगर ज्यादा खा लिया तो क्या करें ?** पैदल चलें। चलने से अत्यधिक चीनी या काबोर्हाइड्रेट इस्तेमाल में आ जाते हैं। चलने का भी एक नियम है। खाना खा कर चलें। हर बार खाना खाने के बीस मिनिट के बाद चलना शुरू करें और आराम गति से बीस मिनट चलें। अजमा के देखिए जरूर फायदा मिलेगा। इससे जो ज्यादा खाया है वो चीनी रक्त में आते ही इस्तेमाल होंजाएगी और शरीर को उसे निकलना नहीं करना पड़ेगा।


## श्री मनीष- श्रीमती शोभना लोंग्या



दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के कार्याध्यक्ष एवम निर्वाचित अध्यक्ष 2024-25

की वैवाहिक वर्षगांठ
(25 दिसम्बर) पर




हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# भूमि पूजन के साथ में श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू

## 20 करोड रुपए की लागत होगा कायाकल्प। रेलवे स्टेशन के बाहर विशाल भगवान महावीर स्वामी जी की प्रतिमा होगी विराजमान

**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**





**श्रीमहावीरजी।** विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अति प्राचीन रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का आज रेलवे विभाग के अधिकारियों एवं मंदिर कमेटी के लोगों के द्वारा श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन पहुंचकर पंडित मुकेश कुमार शास्त्री ने मंत्र उच्चारण के साथ में भूमि पूजन करवाया ।इस अवसर पर आज मुख्य रूप से सहायक मंडल इंजीनियर गंगापुर सिटी अनिल कुमार जैन सहायक अभियंता वाहिद खान वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के प्रशासनिक व्यवस्थापक प्रवीण जैन विशेष अधिकारी विकास पाटनी वरिष्ठ खंड इंजीनियर शहवाग अख्तर वरिष्ठ खंड इंजीनियर जितेश कुमार सहित निर्माण कंपनी के कई अधिकारी भी उपस्थित रहे। श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन अधीक्षक रामकेश मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत संपूर्ण भारत के सैकड़ो स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत यात्री सुविधा के लिए विकास कार्य एवं सौंदर्य करण के कार्य के तहत श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन को भी इस योजना में शामिल किया गया है। श्री महावीर जी में संपूर्ण भारतवर्ष से आने वाले तीर्थ यात्रियों की भावना एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होने जा रहा है स्टेशन पर एक्सीलेटर युक्त 12 मीटर चौड़ाई वाला ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म पर आने जाने के लिए पश्चिम दिशा में पृथक रास्ता बनाया जाएगा। रेलवे स्टेशन प्रांगण में भगवान महावीर की ब्रांज मेटल की 1000 किलो से अधिक वजन की पद्मासन प्रतिमा, कलात्मक छतरी के अंदर लगभग 11फीट ऊंचाई पर विराजमान की जाएगी। रेलवे स्टेशन प्रांगण में ग्रीन बेल्ट डेवलप की जाएगी एवं बंसी पहाड़पुर के लाल पत्थर की छत्रियों से युक्त सेल्फी स्टैंड बनाया जाएगा। प्रतिमा के ऊपर भी लाल पत्थर की कलात्मक छतरी बनाई जाएगी साथ ही स्टेशन के बाहर वाटर फाउंटेन, पार्किंग एवं स्टेशन आने जाने के लिए अलग से रास्ते, सिंह द्वार आदि भी बनाए जाने प्रस्तावित है । स्टेशन के बाहर प्रतिमा विराजमान करने के स्थान का बारीकी निरीक्षण किया गया रेलवे सूत्रों के अनुसार यह प्रतिमा जमीन से 11 फिट की ऊंचाई पर विराजमान की जाएगी साथ ही स्टेशन के बाहर विशाल सिंह द्वारा भी बनाया जाएगा। स्टेशन बिल्डिंग के ऊपर छतरियां लगाकर उसकी जैन तीर्थ स्थल का स्वरूप दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत लगभग 20 करोड रुपए की राशि के विकास कार्य श्री महावीर जी स्टेशन पर किए जा रहे हैं।

## सफाईकर्मियों का पुष्पमालाओं से किया सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** निवारू रोड झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम वार्ड नंबर 44 में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में कॉलोनी की स्थानीय महिला दीप कंवर के नेतृत्व में गली की सफाई के दौरान स्थानीय महिलाओं के द्वारा सफाई कर्मियों को पुष्पमालाओं से सम्मानित किया ।स्थानीय लोगों ने सफाई कर्मियों की कार्य की प्रशंसा करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में श्रमदान देकर सहभागिता निभाई। स्थानीय महिला दीप कंवर ने सभी कॉलोनी के लोगों का इस कदम के लिए आभार जताया एवं अन्य लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया।

## वूमेन पावर समिति द्वारानारी सम्मान समारोह का आयोजन आज 24 दिसंबर को


जयपुर। महिला एवं बाल विकास को समर्पित संस्थान वूमेन पावर समिति द्वारा आज रविवार, 24 दिसंबर को मालवीय नगर के एक होटल में नारी सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। समिति के संस्थापक संतोष कुमार मीरवाल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाज सेवी उद्योगपति श्री भारत वर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बसंत जैन होंगे ।उन्होंने आगे बताया कि विभिन्न क्षेत्र में विशेष काम करने वाली महिलाओं को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा । साथ ही समाज सेवा करने वाले कुछ खास विभूतियों को भी सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम महिलाओं को प्रोत्साहन करने के लिए उनकी पहचान बनाने के लिए दिया जाता है।

## नेट-थियेट पर राग अनुराग: आनंद की तरंग मोको उठत नई-नई सावन की साझ

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज राग अनुराग कार्यक्रम के अंतर्गत सुप्रसिद्ध गायक कलाकार दौलत सिंह ने अपने मधुर कंठ से शास्त्रीय गायन की ऐसी ऐसी प्रस्तुतियां दी की दर्शक वाह वाह कर उठे। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार दौलत सिंह ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत राग श्याम कल्याण में विलंबित ख्याल की रचना दासी थारी जन्म जन्म री, थे तो म्हारा सरताज, म्हारा रसिया प्रस्तुत की। उन्होंने राग जोग में छोटा ख्याल की एक बंदिश साजन मोरे घर आवे, मन अति सुख पावे, साजन मोरे घर आवे.. इसके बाद छोटा ख्याल में राग श्याम कल्याण की एक रचना आनंद की तरंग मोको उठत नई-नई सावन की सांझ सुनाकर दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ी। इसके बाद राग केदार में एक छोटा ख्याल और अंत में राग भैरवी में झपताल 10 मात्रा का एक छोटा ख्याल जग जननी जग जानी महिषासुर मर्दिनी ज्वालामुखी चंडी अमर पद दानी भवानी को बडे ही सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। इनके साथ तबले पर दिनेश खींची और हारमोनियम पर हरीश नागौरी ने असरदार संगतकर इस सुरीली शाम को परवान चढ़ाया ' तानपुरा पर स्वर्ण और दिव्यांशी ने संगत की। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी और राम शर्मा तथा प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी एवं संगीत सागर गढवाल ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।



# डीआरटी बार एसोसिएशन जयपुर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

डीआरटी बार एसोसिएशन जयपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति सुदेश बंसल द्वारा शपथ दिलाई गई। डीआरटी बार एसोसिएशन जयपुर की सर्व समिति से नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष सुरभि बैराठी को राजस्थान उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश सुदेश बंसल ने शपथ दिलाई।




# भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा में लोगों को आमंत्रित करने के लिए पवित्र अक्षत कलश ऐलनाबाद पहुंचे

**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**





ऐलनाबाद। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा में लोगों को आमंत्रित करने के लिए पवित्र अक्षत कलश आज सुबह ऐलनाबाद पहुंचे। इन पवित्र अक्षत कलश के स्वागत में विश्व हिंदू परिषद द्वारा शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कालीरावण, अलखिया व झोथड डेरे के संचालक स्वामी मंगलागिरी महाराज के पावन सान्निध्य में ढोल नगाड़ों व डीजे की धुन पर निकली यह शोभायात्रा शहर की डबवाली रोड पर स्थित शहीद उधम सिंह चौक से चलकर मुख्य बाजारों बाजारों से होती हुई अनाज मंडी के रास्ते शहर की नोहर रोड पर स्थित श्रीबालाजी धाम बगीची में पहुंचकर संपन्न हुई। इस शोभायात्रा को लेकर विश्व हिंदू परिषद द्वारा शहर की सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं व स्कूलों को इस शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। जिसके फलस्वरुप इस शोभायात्रा में शहर की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं व कई स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस यात्रा का शहर भर में जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने विभिन्न प्रकार के खाने पीने के सामान की छबीले लगाकर व पटाखे चलाकर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। लोगों ने जगह-जगह पर यात्रा पर पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा में ढोल की धुन पर भजन गायक भगवान श्रीराम के भजन गा रहे थे। जिन पर मस्त होकर श्रद्धालु नाच रहे थे। उनके पीछे श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए चली कारसेवा में भाग लेने वाले कार्यकताओं का रथ चल रहा था। उनके पीछे नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन रवि लढ़ा व उनकी धर्मपत्नी अपने सिर पर पवित्र अक्षत कलश धारण करके चल रहे थे। उनके साथ महिला कार्यकताओं का जत्था भजन गाते हुए जा रहा था। इस शोभायात्रा में भगवान श्री बाल्मीकि जी के चित्र के साथ बाल्मीकि समाज के सैंकड़ों महिला पुरूष भी हाथों में पवित्र ध्वज लेकर जय श्री राम का जयघोष लगाते हुए चल रहे थे। एक रथ पर भगवान श्रीराम, माता जानकी, भाई लक्ष्मण व वीर बजरंगबली की सजीव झांकी सजाई गई थी जिसमे श्रीरामलीला के कलाकारों ने अपनी भूमिका अदा की। उनके पीछे एक डीजे पर भगवान श्रीराम के भजन बजाये जा रहे थे और उनके पीछे अनेकों स्कूलों के बच्चे जय श्रीराम के जयघोष लगाते हुए चल रहे थे। विश्व हिंदू परिषद सिरसा के बृज मोहन शर्मा ने बताया कि 492 वर्षों के लंबे संघर्ष व लाखों बलिदानों के बाद अब हिंदुओं के आराध्यदेव भगवान श्रीराम का अयोध्या में भव्य मंदिर बन रहा है। जिसमे आगामी 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह हम सब सनातनियों के लिए दीवाली जैसा पर्व होगा। इस आयोजन को लेकर अयोध्या से अक्षत कलश भारत के प्रत्येक शहर व गांव-गांव में पहुंच रहे है। आगामी 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक विश्व हिंदू परिषद के सभी कार्यकर्ता शहर व गांवों में घर-घर जाकर लोगों से आगामी 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचने का निमंत्रण देंगे। जो लोग 22 जनवरी को अयोध्या नहीं पहुंच सकते वे अपने गांव-शहर में रहकर अपने घरों में दिवाली मनाएंगे। कार्यक्रम के अंत में श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु चलाई गई कर सेवा में भाग लेने वाले कार्यकताओं में उनके परिवार जनों को विश्व हिंदू परिषद की ओर से स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के विभागाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण गोयल, मातृशक्ति की जिला सह संयोजिका वंदना शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक कमल कुमार, श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा प्रचार समिति के जिला संयोजक एडवोकेट यतेंद्र सिंह, पालक भारत शर्मा, वीनगर पालिका के अध्यक्ष रामसिंह सोलंकी, विभिन्न वार्डो के पार्षद, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण भी मौजूद थे।